संख्या : / /जी0एस0/शिक्षा/A3-57/2018

प्रेषक,

**डा0 रंजीत कुमार सिन्हा,**
कुलाधिपति के सचिव।

सेवा में,

**कुलसचिव,**
कुमाऊँ विश्वविद्यालय,
नैनीताल।

**राज्यपाल/कुलाधिपति सचिवालयः उत्तराखण्ड** **देहरादूनः दिनांक / 2 अक्टूबर, 2021**

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्याः 2461/वी0सी0/मान्यता/सम्बद्धता/2020-21 दिनांक 11.01.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से देवभूमि कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चूना भट्टा रोड, बनबसा (चम्पावत) को बी0एड0 पाठ्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2020-21 की अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण का प्रस्ताव संस्तुति के साथ इस सचिवालय को उपलब्ध कराया गया है।

2- शैक्षिक सत्र 2020-21 हेतु अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निरीक्षण मण्डल, कुलसचिव एवं कुलपति की संस्तुति के आधार पर उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम-1973 (यथा प्रवृत्त उत्तराखण्ड राज्य) की धारा-37 (2) के अन्तर्गत महाविद्यालय को निम्न तालिका के अनुसार उसके नाम के सम्मुख वर्णित पाठ्यक्रमों, सीटों एवं अवधि की अस्थाई सम्बद्धता के सम्बन्ध में मा0 कुलाधिपति द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति सत्र दर सत्र के आधार पर निम्न उपबन्ध के साथ प्रदान किया गया है :-

| क्रमांक | महाविद्यालय/संस्थान का नाम | पाठ्यक्रम का नाम | प्रवेश क्षमता (कुलपति की संस्तुतिनुसार) | अस्थाई सम्बद्धता की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | देवभूमि कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चूना भट्टा रोड, बनबसा (चम्पावत) | बी0एड0 | 100 सीट | सत्र 2020-21 |

1- निरीक्षण मण्डल की आख्या एवं कुलपति की संस्तुति के दृष्टिगत विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद, U.G.C विनियमों व नियामक संस्था के मानकों के पूर्ण करने की दशा में सम्बद्धता सम्बन्धी आदेश निर्गत करने की कार्यवाई करें व विश्वविद्यालय तत्सम्बन्धी कृत कार्यवाई की सूचना मा0 कुलाधिपति के अवगतार्थ उपलब्ध करायें।

2- विश्वविद्यालय कार्यपरिषद अपनी आवश्यकता एवं विश्वसनीयता के दृष्टिगत छात्र हित में U.G.C/नियामक संस्था एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करायेगी।

3- अग्रेत्तर सत्रों के सम्बद्धता प्रस्ताव ससमय निर्धारित समय सारिणी के अनुसार मानक पूर्ण होने की दशा में ही स्वीकार्य होंगे। तदनुसार अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

भवदीय,

**(डा0 रंजीत कुमार सिन्हा)**
कुलाधिपति के सचिव।

**संख्या : 2102 (1)/जी0एस0/शिक्षा/A3-57/2018 तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपि :-निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित

1. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, हल्द्वानी।
3. प्रबन्धक, देवभूमि कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चूना भट्टा रोड, बनबसा (चम्पावत)।
4. कम्प्यूटर प्रकोष्ठ/गार्ड फाइल हेतु।

आज्ञा से,

**(एन0के0 पोखरियाल)**
कुलाधिपति के उपसचिव।